## सार-समाचार

### परीक्षा नियंत्रक को दिया ज्ञापन



**उदयपुर**, (कासं)। मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय कला महाविद्यालय के छात्र नेता हर्षवर्धन नाथ चौहान के नेतृत्व में द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म पूर्ण चालू करवाने हेतु तथा प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय एव तृतीय वर्ष के परिणाम जल्द घोषित करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन दिया गया इस दौरान छात्र नेता कमलेश डांगी,महेश डांगी,मनीष सिंह, भुपेंद्र सिंह, उदय लाल, निशा सांखला आदि छात्र मौजूद थे।

### लाखों की धोखाधड़ी का मामला

**उदयपुर**, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी व साथी के खिलाफ पीडित के साथ लाखों की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया।पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीडित कुलदीप जैन निदेशक थीन गुआगेस इण्डिया प्रा. लि.मेवाड़ इण्डस्ट्रीज एरिया मेवाड़ पॉलिटेक्स के पास मादडी ने आरोपी मुम्बई की कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि गेज मीटर निर्माण एवं विपणन करने का कारोबार करता हूं। मार्च 2022 में बी रविकुमार ने स्वयं को मैसर्स थिया न्यू कन्सल्टेन्सी का निदेशक एवं एस श्याम द्वारा स्वयं को कंपनी का अधिकृत हस्ताक्षकर्ता होना बताते हुए संपर्क किया। इस दौरान आरोपियों ने प्रोसेस कंट्रोल उण्ड मेसरमेंट इन्स्टालमेंट की आवश्यकता बताते हुए माल क्रय कर विदेशों में विक्रय कर भुगतान जल्द करने का आश्वासन दिया। इस पर 11 मार्च 2022 को तीन वर्ष के लिए एमओ यु किया। इसके बाद कंपनी में आकर आरोपियों ने माल देख कर जांच परख की तथा क्रय कर विदेशों में भेजा। कुछ समय बाद हमारी कंपनी के माल को दीक्षित टेक्नोलोजिस प्रा. लि. के नाम से उत्पादों का विनिर्माण कर बेचना शुरू कर दिया। इसका पता चलने पर एतराज किया लेकिन आरोपियों परकोई असर नहीं हुआ तथा उन्होंने कारोबार करना जारी रखा। आरोपियों ने इकरार के अनुसार 34 लाख 70 हजार 59 रूपये बकाया रख कर भुगतान नहीं किया। उगाही करने पर भी कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देकर नकदी हडप ली। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### चोरी का प्रयास करते एक गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। रात के समय में दुकान का ताला तोड़ चोरी का प्रयास करने के मामले में आरोपी को सविना थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार 8 जुलाई को पीडित अरविन्दसिंह पुत्र अभयसिंह उदेवड़ा निवासी बिलिया हॉल तितरड़ी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि तितरड़ी चौराहा पर मेरी धर्मराज दूध डेयरी नाम से दुकान है। रात में दुकान मंगल कर घर चला गया। दूसरे दिन कर्मचारी ने फोन कर दुकान का ताला टूटा होने व सामान बिखरा होने की जानकारी दी। पुलिस को सूचना देकर प्रकरण दर्ज करवाया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी अजयसिंह राव नेतृत्व में गठित दल ने मामले में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी सुमित विरोत निवासी नया बोरिया जैन मंदिर के पास मुंगाणा पारसोला प्रतापगढ को गिरफ्तार किया।

# पौधारोपण कर सुरक्षा का दिलाया संकल्प

**उदयपुर**, (कासं)। आषाढ़ के मास और बेड़च नदी की गोद में डेढ़ हजार पेड़ लगाए जाएंगे। जिले के भोइयों की पंचोली में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत पौधरोपण सहित पौध वितरण किया गया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोइयों की पंचोली में महाराणा प्रताप द्वारा लिखवाई विश्व वल्लभः वृक्षायुर्वेद" शास्त्र के निर्देशानुसार हुए इस आयोजन में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह

- **विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि पेड़ से हमारी सांस, संस्कृति और संबंधों की सार्थकता है**
- **मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान : पंचोली में लगेंगे 1500 पौधे**

मीणा, पूर्व प्रधान तख्तसिंह शक्तावत, हिम्मतसिंह देवड़ा, अमृतलाल मेनारिया और मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कुंजबिहारी भारद्वाज ने वैज्ञानिक रूप से तैयार किए गए गड्डों में पौधे लगाए और लगाए गए पौधों की प्राणपण से सुरक्षा



**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोइयों की पचोली में पौधारोपण कर बेटियों को पौध वितरण करते विधायक फूलसिंह मीणा।**

करने का संकल्प दिलाया। समारोह में विधायक मीणा ने सबका आह्वान किया कि हर एक पेड़ प्राणी के लिए बड़े महत्व का है। किसी पेड का बचना मनुष्य समाज का बचना है। पेड़ से हमारी सांस, संस्कृति और संबंधों की सार्थकता है। संस्था प्रधान देशपाल सिंह शेखावत ने गिरवा में पंचोली की सब्जी, फूल और फल उत्पादन के क्षेत्र में महत्ता बताते हुए कहा कि यह गांव हर अंकुर और पेड का महत्व समझता है। यहां का बच्चा बच्चा पेड़ की सुरक्षा समझेगा और हर पेड़ की कुल्हाडी, आग और आंधी से रक्षा करेगा। उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय द्वारा पौधरोपण का बड़ा संकल्प किया गया है। आषाढ़ के शुक्ल पक्ष, नक्षत्र, राशि, करण, तिथि और देव तथा दिशा सम्मत फल और फूल वाले बड़े और पनपे हुए पेड़ लगाए जाएंगे। बेटियां विशेष रूप से हरसिंगार, सप्तपर्णी, सीता अशोक, आशापालक, अनार, कदम्ब, नारियल, बिल्व, नीम आदि का रोपण करेंगी। विद्यालय के श्री हरि सिंह राजावत, तरुण कुमार शर्मा, राजकुमारी खाब्या आदि ने पेड़ों के अनेक प्रसंग सुनाए।

## चेन व मोबाइल चोरी, प्रकरण दर्ज

**उदयपुर**, (कासं)। सूरजपोल, घंटाघर एवं धानमण्डी थाना पुलिस ने जगन्नाथ यात्रा के दौरान सोने की चेन व मोबाईल चोरी करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। 7 जुलाई को जगदीश चौक से शुरू हुई जगन्नाथ यात्रा के दौरान बीच रास्ते अस्थल मंदिर, भडभुजा घाटी, बडा बाजार, धानमंडी गणेश मंदिर के समीप से चोर यात्रा में शामिल भक्तों की सोने की चेन व मोबाईल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। सूरजपोल थाना पुलिस ने अस्थल मंदिर से डॉ.योगेश दीक्षित निवासी नई सडक चुरू हाल आर्ची पेराडाईस शोभागपुरा सुखेर का मोबाइल तथा केशरसिंह निवासी देवाली अंबामाता की रिपोर्ट पर मोबाईल चोरी एवं घंटाघर थाना पुलिस ने दीपक सोनी की रिपोर्ट पर मोबाईल चोरी एवं धानमण्डी थाना पुलिस ने ो मोती चोहट्टा निवासी जितेन्द्र सोनी पुत्र रोशनलाल सोनी की रिपोर्ट पर चोर के खिलाफ गले से सोने की चेन चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

## 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना की दी जानकारी

- **सीसारमा स्थित सीता माता मंदिर पर ग्रामीण महिलाओं व किशोरी बालिकाओं की बैठक आयोजित**

**उदयपुर**, (कासं)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार और निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग की ओर से संकल्प अभियान के तहत 100 दिवसीय विशेष जागरुकता कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति गिर्वा के सीसारमा स्थित सीता माता मंदिर पर ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक मे विभाग के उप निदेशक संजय जोशी ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी और प्रशिक्षण व कौशल संवर्धन योजना में बालिकाओं के लिए निःशुल्क आधारभूत कंप्यूटर प्रशिक्षण के साथ ही कौशल संवर्धन व प्रशिक्षण योजना कौशल सामर्थ्य व स्कूली शिक्षा से वंचित रही बालिकाओं व महिलाओं को फिर राज्य सरकार की ओर से शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के लिए शिक्षा सेतु योजना के बारे में बताया। जोशी ने बताया कि बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए इंदिरा महिला शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना (शिक्षा सेतु) के तहत ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए मात्र 30 रुपए का भुगतान करके ही महिला स्टेट ओपन स्कूल जयपुर के माध्यम से दसवीं व बारहवीं की निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकती है। इसके लिए सरकारी स्कूल में आवेदन कर सकते है। इस अवसर पर बालिकाओं ने पौधारोपण किया एवं बेटी जन्मोत्सव मनाया गया।


**-:आम सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन मूल्यांकन प्राधिकरण , राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक- N0.RJ/24/SEAC2/MIN/EC/0117/B2/2023-24.Jaipur, Dated:-19/06/2024के द्वारा श्री रमेश चनाभाई पुत्र श्री चना भाई मदन भाई ओडेदरा को निकट ग्राम मोरवड़, तहसील राजसमंद जिला राजसमंद में स्थित खनन पट्टा एम.एल.नं.- 10/2023, (रेफरेन्स नं. 20231000092906) वास्ते खनिज मार्बल क्षेत्रफल 1.8835 हेक्टेयर के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाईट http://environmentclearance.nic.in पर देखी जा सकती है।

श्री रमेश चनाभाई ओडेदरा


## नकदी व मोबाइल लूटा

**उदयपुर**, (कासं)। बाइक सवार फाईनेंस कर्मी से बदमाश नकदी व मोबाईल लूट ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसर पीडित जगदीश कुमार पुत्र सोपाराम मेघवाल निवासी अरवान पालडी एम सिरोही हॉल स्पन्दन फाईनेन्स गोगुन्दा ने बैकरिया पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।


**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द( राज. )**

क्रमांक/न.पा.ना./तामीर/2024/9213 दिनांक :09/07/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण मेंकराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/ पता | आवेदिक सम्पत्ति का पता | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री हेमन्त पिता श्री सत्यनारायण व अन्य निवासी-त्रिनेत्र सर्कल नाथूवास, नाथद्वारा | त्रिनेत्र सर्कल नाथूवास, नाथद्वारा | रोड | अन्य भुमि आराजी नं. 1536 | रोड | 120 फिट रोड़ |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा



**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द( राज. )**

क्रमांक/न.पा.ना./भूमि/2024/8968 दिनांक : 02/07/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का पुर्नगठन/उपविभाजनका स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर पुर्नगठन/उपविभाजन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/ पता | आवेदिक सम्पत्ति का पता | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्रीमती संगीता जैन पत्नि श्री दिनेश चन्द्र जैन श्रीमती कामीनी जैन पत्नि श्री सतीश जैन | आर.टी.डी.रोड़ लालबाग, नाथद्वारा रोड | 25 फिट रोड | प्लॉट राजेश शिशोदीया, राजेश बागोरा | 60 फिट रोड | श्रीमती कामिनी देवी का भूखण्ड |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा



**कृषि अनुसंधान केन्द्र**

**(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय)**

**दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001**

मो. 8112207969, 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in

क्रमांक : एफ( )/कृअके/स्टोर/2024/62-64 दिनांक 01.07.2024

**निविदा सूचना (वर्ष 2024-25 हेतु)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के लिए कीटनाशी /फफुंदनाशी/खरपतरवारनाशी क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदायें बंद लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 16/07/2024 को दोपहर 01.00 बजे तक है तथा निविदा उसी दिन निविदादाता के समक्ष दोपहर 02.00 बजे खोली जायेगी। निविदा संबंधित जानकारी कार्यालय समय में आकर प्राप्त कर सकते है।

नियम एवं निर्देश : • कृपया लिफाफे पर निविदा एवं दिनांक अवश्य लिखें। वाणिज्य कर विभाग का GST No. अवश्य अंकित करें। • निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा लेटर पेड की छायाप्रति पर मान्य नही होगें एवं निविदा पर मोहर व हस्ताक्षर कर प्रस्तुत करे। • भुगतान कार्य सामग्री सप्लाई होने/कार्य संतोषजनक पूर्ण होने के एक माह बाद किया जावेगा। भुगतान चौक द्वारा किया जावेगा। • उपरोक्त सामग्री की वैध्यता तिथि, सप्लाई करने से कम से कम 1 वर्ष तक वैध्य होनी चाहिए। • उपरोक्त निविदा वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अनुसार 31 मार्च 2025 तक मान्य होंगी। • अधोहस्ताक्षरकर्ता को निविदा अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

संभागीय निदेशक अनुसंधान


## झांसा देकर अनैतिक काम कराने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। लडकियों को अच्छी नौकरी का प्रलोभन देकर उनसे अनैतिक काम करवाने वाले मुख्य आरोपी को सुखेर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार शहर के होटलों में अनैति कारोबर होने की सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश बोरीवाल के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर रामसिंह पुत्र अनारसिंह राजपूत निवासी पडावली कला ओगणा उदयपुर को मुम्बई से गिरफ्तार किया। इस मामले में 2 जुलाई को पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर स्थित मकान पर दबीश देकर शकील मो. पुत्र नसीर मो. निवासी वार्ड 3 उपली हवेली आसींद भीलवाड़ा, गोपाल गोस्वामी निवासी जसवन्तगढ गोगुन्दा को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया तथा चार महिलाओं को डिटेन किया था।

## एक बाल श्रमिक मुक्त कराया

**उदयपुर**, (कासं)।शहर पुलिस मानव तस्करी विरोधी यूनिट ने बालश्रम कराने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर मानव तस्करीविरोधी यूनिट प्रभारी दलपतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए मार्डन बाइक पॉइट 80 फीट रोड़ वीआईपी कॉलोनी सेक्टर 9 सविना पर कार्य कर रहे एक बाल श्रमिक को मुक्त करवा बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर शेल्टर होम भिजवाया।

# विद्यापीठ लगायेगा श्रमिक चोपाल : प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर**, (कासं)। दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय उदयपुर के क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि के कुलपति सचिवालय के सभागार में सम्पन्न हुई। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए पदेन

- **प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थापक मनीषी पंडित नागर ने श्रमिकों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से ही रात्रिकालीन श्रमजीवी कॉलेज की स्थापना की**

सचिव व क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी जगदीप सिंह ने 2023-24 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाना है तो श्रमिकों के हाथ मजबूत करने होंगे।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति एवं क्षेत्रीय सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि असंगठित श्रमिक वर्ग के लिए विद्यापीठ श्रमिक चोपाल लगायेगा और उनकी समस्या को जान उनका समाधान करायेगा। श्रमिक वर्ग के प्रति संवेदनशील होना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति




**क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई।**

को देश की मुख्य धारा से नहीं जोडा जायेगा तब तक विकसित देश की कल्पना करना बेमानी है। संस्थापक मनीषी पंडित नागर ने 1937 में श्रमिकों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से ही रात्रिकालीन श्रमजीवी कॉलेज की स्थापना की, जिसमें दिन में काम करने वाले श्रमजीवियों को शिक्षा दी जाती थी। आज के समय हर घर परिवार में कार्य करने के लिए, महिला एवं पुरूष आते है जिनका पूरा जीवन अंधकार में है। आज हर व्यक्ति जो कार्य करता है वह श्रमिक है, चाहे शारीरिक हो या मानसिक। मालिक कम पैसा देकर अधिक कार्य कराना चाहता है , इस मानसिकता को बदलना होगा। आज भी देश में बड़ी संख्या में असंगठित श्रमिकों का शोषण हो रहा है, उन्हे दैनिक वेतनमान भी पूरा नहीं मिल रहा है। श्रमिक इतना चाहते है कि जिस जगह वह कार्य कर रहे हैं, उन्हें पूरा सम्मान मिले।

आज भी श्रमिक अपनी बूनियादी जरूरतों के लिए तरस रहा है, हालांकि कुछ ऐसे लोग भी हुए हैं, जिन्होंने मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए लडाई लडी है। आवश्यकता है केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जारी योजनाओं का लाभ इन तक पहुंचाने की। जागरूकता के अभाव में इस लाभ से वे आज भी वंचित है। सिस्टर कीर्ति कैथरिन डेविड मेकवान ने कहा कि घरों में कार्य करने वाली महिला एवं पुरूषों को भी श्रमिक माना जाये और सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें भी मिले। महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक मे इस वर्ग को श्रमिक माना गया है, पूरे देश में यह व्यवस्था हो इस पर कार्य करने की जरूरत है।


**कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

**कपासन जिला-चित्तौड़गढ़**

**( जिला स्वास्थ्य समिति खण्ड-कपासन )**

क्रमांक/एनएचएम/वाहन/2024-25/27 दिनांक-09.07.2024

**खुली निविदा सूचना**

वितीय वर्ष 2024-2025 हेतु जिला स्वास्थ्य समिति खण्ड कपासन को बीसएमओ एवं बीपीएमयु उपयोग हेतु 01 एवं आरबीएस के कार्यक्रम हेतु 01 कुल दो वाहन अनुबन्ध पर लिये जाने है। इस हेतु परिवहन विभाग से टेक्सी परमिट वाहन (बोलेरों, टवेरा, इको, वेन अथवा समकक्ष)वाहन मालिकों / टेक्सी संचालित एजेन्सी अथवा संस्था से निविदाए आमंन्त्रित की जाती है जो दिनांक 16.07.2024 को प्रात: 11बजे तक बेची जायेगी एवं दिनांक 16.07.2024 दोपहर 12.30 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 16.07.2024 को गठित कमेटी के समक्ष दोपहर 03.00 बजे खोली जायेगी। अन्य नियम व शर्ते कार्यालय में व वेबसाईट **https://sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**NIB CODE-MHS2425A0959**

**UBN CODE-MHS2425SSOB01359**

**खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

**कपासन, जिला-चित्तौड़गढ़**



**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय चिकित्सा प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपलबारा**

**( राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी पिपलबारा )**

**ब्लॉक - झाड़ोल ( फ. ), उदयपुर**

Email:phc_pipalbara@ yahoo.com

क्रमांक : लेखा/एमआरएस/2024-25/71 दिनांक:- 09.07.2024

**खुली निविदा सूचना**

इस कार्यालय के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओ के संचालन हेतु जॉब बेसिस एवं संवेदक के माध्यम से सेवाओं के लिए उपापन हेतु मोहर बंद निविदाए आमंत्रित की जानी है इच्छुक व्यक्ति /फर्म निर्धारित शुल्क में निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में दिनांक 11.07.2024 को प्रात 10.00 बजे से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26.07.2024 को दोपहर 1.30 बजेतक जमा की जावेगी तथा दिनांक 26.07.2024 को अपरान्त 3.00 बजे उपस्थित निवदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष सिमिति द्वारा खोली जावेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 24x7 सफाई व्यवस्था | 96,000/- | 1800.00 | 200/- |
| 2 | मेन विद मशिन | 1,02,000/- | 2040.00 | 200/- |

शर्ते :-अन्य शर्ते एवं विस्तृत जानकारी निविदा फर्म के अथवा कार्यालय समय में जाकर देखी जा सकती है।

1. कार्य की अवधि 31.03.2025 के लिए होगी। किन्तु विभाग के निर्देशानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।
2. निविदा शर्तो की पालना करनी होगी एवं निविदा के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होगें।
3. अंतिम निर्णय का अधिकार सदस्य सचिव राज.मेडि.रिलिफ सोसायटी का होगा।
4. विभागीय स्वीकृति के अनुसार कार्मिकों की संख्या कम या अधिक करने का अधिकार सदस्य सचिव राज.मेडि.रिलिफ सोसायटी का होगा।
5. निविदा प्रपत्र दिनांक 11.07.2024 से विक्रय किये जावेंगे।

**चिकित्सा अधिकारी प्रभारी**

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र**

**पीपलबारा, जिला-उदयपुर ( राज. )**



**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय चिकित्सा अधिकारी प्रभारी**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फलासिया**

**राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी फलासिया**

**ब्लॉक - झाड़ोल ( फ. ), उदयपुर**

Email:chc_phalasia@ yahoo.com

क्रमांक : लेखा/ NHM/2024-25/35 दिनांक:- 09/07/2024

**खुली निविदा सूचना**

इस कार्यालय के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओ के संचालन हेतु जॉब बेसिस एवं संवेदक के माध्यम से सेवाओं के लिए उपापन हेतु मोहर बंद निविदाए आमंत्रित की जानी है इच्छुक व्यक्ति /फर्म निर्धारित शुल्क में निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में दिनांक 11.07.2024 कों प्रात 10.00 बजे से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.07.2024 को दोपहर 1.30 बजे तक जमा की जावेगी तथा दिनांक 27.07.2024 को अपरान्त 3.00 बजे उपस्थित निवदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष समिति द्वारा खोली जावेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 24x7 सफाई व्यवस्था | 2,40,000/- | 4,800.00 | 200/- |
| 2 | कलेवा योजना | 22,800/- | 4560.00 | 200/- |

शर्ते :-अन्य शर्ते एवं विस्तृत जानकारी निविदा फर्म के अथवा कार्यालय समय में जाकर देखी जा सकती है।

1. कार्य की अवधि 31.03.2025 के लिए होगी। किन्तु विभाग के निर्देशानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।
2. निविदा शर्तो की पालना करनी होगी एवं निविदा के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होगें।
3. अंतिम निर्णय का अधिकार सदस्य सचिव राज.मेडि.रिलिफ सोसायटी का होगा।
4. विभागीय स्वीकृति के अनुसार कार्मिकों की संख्या कम या अधिक करने का अधिकार सदस्य सचिव राज.मेडि.रिलिफ सोसायटी का होगा।
5. निविदा प्रपत्र दिनांक 11.07.2024 से विक्रय किये जावेंगे।

**डॉ. कपिल शर्मा**

**चिकित्सा अधिकारी प्रभारी,**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फलासिया, झाडोल**

सार-समाचार

## 50 छात्रों को स्टेशनरी बांटी



**डूंगरपुर, (निसं)।** नयागांव द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नयागांव के 50 छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि पी.सी.मीणा सेल्स एरिया ऑफिसर डूंगरपुर व नवीन प्रकाश जैन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आसपुर व सरपंच गीता देवी की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक स्टेशनरी वितरण किया एवं विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। संस्था प्रधान महेश चन्द्र शर्मा ने भामाशाह व अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन रवी जैन ने किया।

## मैक्सफैक स्किल कोर्स का आयोजन



**उदयपुर, (कासं)।** ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग, गीतांजलि डेंटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यट, उदयपुर ने सफलतापूर्वक राष्ट्रीय मैक्सफैक स्किल कोर्स का आयोजन किया था। इस कोर्स में पूरे भारत से 50 प्रथम वर्ष के ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी पोस्ट ग्रेजुएट्स ने भाग लिया। डॉ. भगवानदास राय, अध्यक्ष एओएमएसआई और डीन, पेसिफिक डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर और गीतांजली डेंटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट के डीन डॉ. निखिल वर्मा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढाई। इस कार्यक्रम के कोर्स डायरेक्टर डॉ. रमाकांत रेड्डी दुब्बुडू थे, जो एआईजी हॉस्पिटल्स, हैदराबाद में कंसल्टेंट हैं। डॉ. शालू बंसल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, गीतांजलि डेंटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट कोर्स की संयोजक थीं।कोर्स में ऑपरेटिंग रूम प्रोटोकॉल शामिल थे, जिसका संचालन डॉ. राघव पेंड्याला कंसल्टेंट ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन, रीडर, ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग, एसवीएस इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, महबूबनगर द्वारा किया गया था।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मावली, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के खेमपुर ठााम पंचायत के ठाामीणों ने उपखंड अधिकारी मनसुख डामोर को चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन में बताया कि खाता संख्या एक नया व पुराना एक की आराजी नंबर 1 से लगाया 97 तक कुल किता 49 कुल रकबा 20 ,3237 हेक्टेयर है तथा खाता संख्या 53 9 नया का पुराना बात 5 07 की आराजी नंबर 1041 से लगायत 234 कुलकिता 51 कुल रकबा 160,2881 हेक्टेयर है तथा उक्त वर्णित आर जियांत क्रिस्त चारागाह होकर उक्त भूमि राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में राज्य सरकार के नाम पर दर्ज है गांव के पशुओं के चरने के लिए उपयोग में चली आ रही है किंतु गांव के कुछ अतिक्रमणिया द्वारा युक्त राज्य सरकार चारागाह भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है जिससे ठााम खेमपुर के पशुओं को चढ़ने से काफी असुविधा उत्पन्न हो रही है अतिक्रमण नहीं करने एवं कब्जा हटाने हेतु कहा तो लडाई झगड़ा करने पर आमादा है।

## शिविर में 101 यूनिट रक्तदान

**भीम, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के थानेटा ग्राम पंचायत अंतर्गत संचालित सैनिक बाल विद्या मंदिर में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। युवा समाजसेवी सरदार सिंह, पूर्व सैनिक मोहन सिंह आदि सरपंच दीक्षा चौहान ने बताया कि अरिहंत हॉस्पिटल भीलवाड़ा एवं जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर के चिकित्सा टीम के सानिध्य में रक्त संठाहण किया। शिविर के दौरान 21 लोगों के नेत्र रोग संबंधित एवं साठ लोगों शुगर एवं अन्य बीमारियों की जांच की गई। इस दौरान नवयुवक मंडल थानेटा के युवा कार्यकर्ता एवं भामाशाह ने सहयोग की प्रदान किया।

## पौधारोपण आज

**बांसवाड़ा, (निसं)।**राज्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ टीएसपी की ओर से आज बुधवार प्रात: 10.30 संभागीय आयुक्त के सानिध्य में पौधरोपण किया जाएगा। प्रदेश संयोजक नाथूलाल पाटीदार ने पदाधिकारियों, कार्मिक एवं पेंशनर्स मंच पदाधिकारियों व पेंशनर्स से आयोजन स्थल राउमावि कुपडा में सम्मिलित होने की अपील की।

# बारिश से नालियों में जमा कचरा सड़कों पर फैला

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को छोड़कर जिला मुख्यालय पर पिछले एक पखवाडे से बारिश का दौर नहीं होने के कारण उमस व गर्मी से आम जन बेहाल था। वहीं लगातार गिरते जल स्तर के कारण पानी की किल्लत भी बढ ती ही जा रही थी।

मंगलवार को सुबह से ही उमस व गर्मी का प्रकोप तेज हो गया था। शाम चार बजे बाद बारिश का दौर प्रारंभ हुआ। जो कि लगभग आधे घण्टे तक चलता रहा। फिर शाम 6 बजे एक बार

- **पानी निकासी के अभाव के कारण वाहनधारियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा**

10 मिनट तक बारिश का दौर चला। जिससे भीतरी शहर, फोज का बडला, घाटी, सर्राफा बाजार, कानेरा पोल, भोईवाडा, मोची बाजार आदि क्षेत्रों में तेज बहाव के साथ पानी बहना लगा वहीं पुराना अस्पताल व नगर परिषद के बीच नालियों में जमा कचरा सड़कों पर फैल गया। इस दौरान पानी निकासी के अभाव के कारण वाहनधारियों को खासी परेशानी का सामना करना पडा। इधर बारिश के दौरान गर्मी से निजात पाने के लिए बच्चे व युवा पानी में भिगने का आनदं उठाया। बारिश बंद होने के साथ ही उमस का दौर पुन: प्रारंभ हो गया।



सर्राफा बाजार में शाम को हुई बारिश के बाद बहता हुआ पानी।

## पाटोत्सव व सम्मान समारोह कल

**राजसमन्द, ०9 जुलाई।** द्वारकेश राष्ट्रीय साहित्य परिषद की ओर से आयोजित प्रभु श्री द्वारकाधीश का पाटोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह गुरूवार को दोपहर 3 बजे श्री गोपालकृष्ण वाटिका में आयोजित किया जाएगा।

संस्था के संचालक हेमंत गुर्जर ने बताया कि हर वर्ष की भांति परंपरा अनुसार ये आयोजन हो रहा है। जिसमें इस वर्ष प्रतिभा सम्मान में पीरदान चारण को अनोखा स्मृति सम्मान, गोविंद सनाढ्य को शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# लोक अदालत में जिला न्यायाधीश ने दो भाईयों में कराई सुलह

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई की सफलता के लिए न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारान की जा रही सुलह समझाइश के तहत दो सगे भाइयों के बीच जिला एवं सेशन न्यायालय डूंगरपुर में लंबित बंटवारे के सिविल वाद में जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार पंचोली द्वारा पक्षकारान की गई सुलह समझाइश सफल रही। वादी द्वारा प्रस्तुत वाद के माध्यम से शहर में स्थित एक भू-खण्ड वादी एवं प्रतिवादीए दोनों ही सगे भाइयों द्वारा विक्रेता से संयुक्त रूप से कुल विक्रय मूल्य की आधा.आधा राशि अदा कर क्रय किया जाना बताकर वादी एवं प्रतिवादी के मध्य वाद वर्णित भूमि का समान रूप से विभाजन किए जाने का निवेदन किया।

प्रतिवादी द्वारा जवाब दावा प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड एवं भूखण्ड पर निर्मित मकान की संपूर्ण प्रतिफल राशि प्रतिवादी द्वारा अदा करना बताया तथा बडे भाई होने के नाते ही प्रतिवादी द्वारा भूखण्ड का विक्रय विलेख स्वयं के एवं वादी के संयुक्त स्वामित्व में लिखाया जाना बताया तथा अतिरिक्त जवाब प्रस्तुत कर वादी एवं प्रतिवादी की पुश्तेनी दुकान सर्राफा बाजार में स्थित होकर वादी द्वारा उक्त संपत्ति को स्वयं के आधिपत्य में लेने के आशय से हस्तगत वाद प्रस्तुत करना बताया।

# सत्र प्रारंभ होने के बाद भी कक्षा 6 के लिए आवेदन नहीं मांगने पर जताई नाराजगी

**बांसवाड़ा, (निसं)।** संभागीय आयुक्त के कक्ष में गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय तथा वैदिक संस्कृति परिषद की बैठक संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के पवन की अध्यक्षता में हुई। आयुक्त ने विश्वविद्यालय से वैदिक गुरुकुल एवं वेद विद्यापीठ की गतिविधियों के विषय में तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी। जिसके अनुसार अभी तक सत्र प्रारंभ होने के

- **प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मनाया**

पश्चात भी कक्षा 6 के लिए आवेदन नहीं मांगे गए जिस पर नाराजगी व्यक्त की गई एवं तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये।

इसी प्रकार मान्यता संबंधी 1 वर्ष से निर्देश देने के बावजूद अभी तक कार्यवाही नहीं करने पर रिपोर्ट मांगी गई। बैठक में विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव प्रो लक्ष्मण परमार ने वैदिक गुरुकुल की गतिविधियों का विस्तार से प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि वैदिक गुरुकुल में दो शिक्षक, दो वार्डन प्रतिनियुक्ति पर तथा दो शिक्षक विद्या संबल योजना के तहत कार्यरत हैं। वैदिक गुरुकुल पूर्णतरू आवासीय है एवं वैदिक गुरुकुल में कक्षा छ: में 43 छात्र अध्यनरत हैं। वेद विद्यापीठ के बारे में प्रभारी अधिकारी प्रो केबी सिंह ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वेद विद्यापीठ के तहत दो तरह के पाठ्यक्रम संचालित हैं विश्वविद्यालय कैंपस में योग, वैदिक साहित्य एवं ज्योतिष में पीजी कक्षाएं संचालित है। वैदिक संस्कृति परिषद की मांग थी कि वैदिक गुरुकुल एवं वेद विद्यापीठ की कक्षाएं व्यवस्थित रूप से वेदानुकूल संचालित की जाएं। यह भी मांग थी की कक्षा 6 में नवीन प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए तथा सातवीं में प्रमोट हुए बच्चों का अध्यापन प्रारंभ किया जाए। वैदिक गुरुकुल को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की समकक्षता प्राप्त करने की कार्यवाही की जाए। आयुक्त ने विश्वविद्यालय को 18 जुलाई 2024 से कक्षा सातवीं का अध्यापन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। जिसमें स्वयं आयुक्त तथा वैदिक संस्कृति परिषद के सदस्य उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कक्षा 6 में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने बीएससी योग एवं त्रिवर्षीय शास्त्री पाठ्यक्रम शुरू करने के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने आश्वासन दिया कि बोर्ड से समकक्षता शीघ्र ही प्राप्त हो जाएगी। अतिरिक्त आयुक्त गौरव कुमार ने भी वेद विद्यापीठ एवं वैदिक गुरुकुल को सुचारू रूप से संचालित करने की आवश्यकता को प्रतिपादित किया। बैठक में वैदिक संस्कृति परिषद के प्रतिनिधि मंडल में प्रणव पंड्या, प्रो. महेंद्र प्रसाद सलारिया, पं मनोहर जोशी आदि मौजूद रहे।



बांसवाड़ा में गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय तथा वैदिक संस्कृति परिषद की बैठक लेते संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के पवन।

सार-समाचार

## मुआवजा दिलाने की मांग



**कपासन, (निसं)।** कपासन के अफीम उत्पादक सैकड़ों किसानों ने डोडा चूरा नष्टीकरण से पूर्व मुआवजा देने की मांग को लेकर मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया है। साथ ही 1500 रुपए प्रति किलोग्राम मुआवजा दिलाने की मांग की गई।आबकारी कार्यालय की ओर से क्षेत्र में डोडा चूरा नष्टीकरण कार्य क्रम प्रस्तावित हैं। इसकी क्षेत्रवार अलग-अलग समूह बनाकर कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया हैं। जिसमें गत पांच सालों का डोडा चुरा नष्ट किया जाना हैं। जिसे किसानों ने अव्यवहारिक बता डोडो चूरा के मुआवजे की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जिसमें दर्जनों गांवों के किसान शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद इस संबंध में नायब तहसीलदार राधा किशन विजय वर्गीय और आबकारी विभाग को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में अफीम खेती बहुत ही खर्चीली है। अफीम उत्पादन की लागत भी अधिक है डोडा चूरा को बिना क्रय मूल्य के नष्टीकरण किया जाना प्रस्तावित है। जो न्याय संगत नही है। किसान के श्रम मूल्य के साथ कुठाराघात है। अत: अफीम उत्पादन के लागत मूल्य की पूर्ति हेतु अफीम काश्तकारों को डोडा पोस्त 1500 रुपये प्रति किलो दर से मुआवजा दिया जा कर नष्टीकरण की कार्रवाई करवाने की मांग की गई।आबकारी विभाग द्वारा जारी विज्ञिप्त में विगत 5 वर्षो की डोडा पोस्त का निस्तारण कराया जाना सूचित है। जबकि काश्तकारों के पास भंडारण और रख रखाव व्यवस्था का अभाव होने के कारण अधिकांश डोडा पोस्त सड गल चुकी है और निस्तारित की जा चुकी है। डोडा चूरा निस्तारण कार्यवाही को व्यावहारिक बनाया जाने की मांग की हैं।

## दुष्कर्म का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** सल्लोपाट थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के पांच हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी देवीलाल ने बताया कि 28 जून को पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दी कि 19 जून की शाम को 7 बजे उसकी पुत्री गांगड़तलाई बाजार में दवाई कराने गई थी और वापस रिक्शा में आ रही थी कि रिक्शा चालक महेश रिक्शा को सीधे उसके उसके कुंडा ले गया। इसके बाद उसे राजकोट जाने वाली गाड़ी में बिठाकर ले गया और एक झोपड़े में रखकर बालिका से दुष्कर्म करता रहा। इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी भी देता रहा। मौका देखकर उसकी लडक़ी बचकर वापस आयी और परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अठावाला एवं बागीदौरा वृत्ताधिकारी के निर्देशानुसार आरोपी की गिरफ्तारी के लिये थाना स्तर पर टीम गठित की गयी वहीं एसपी अठावाला ने आरोपी की गिरफ्तार पर 5 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की। इस टीम ने राज्य एवं अन्य राज्यों में आरोपी की तलाश की एवं 9 जुलाई को आरोपी को उसके निवास ग्राम कुंडा थाना आनंदपुरी में आने की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया।

## परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**उदयपुर, (कासं)।** मोहनलाल सुखाडिया विवि द्वारा 5 परीक्षाओ के परीक्षा परिणाम परीक्षा नियंत्रक डॉ. आर. सी. कुमावत द्वारा घोषित कराये गए। परीक्षा नियंत्रक डॉ कुमावत ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि जारी किए 5 परीक्षा परिणामों के अन्तर्गत बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर, एम.एस.सी. सूचना प्रौद्योगिकी प्रथम सेमेस्टर , एम.एस.सी. प्राणीशास्त्र प्रथम सेमेस्टर, एम.एस.सी. रसायन विज्ञान प्रथम सेमेस्टर , एम.कॉम बैंकिंग और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन उत्तरार्ध के परिणाम घोषित किए गए हैं। घोषित परिणाम की विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विवि द्वारा इस माह में 18 परिणाम पहले ही घोषित किये जा चुके है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने बताया कि विवि के अन्य मुख्य परिणाम भी अतिशीघ्र आगामी सप्ताह में घोषित कर दिए जायेंगे।

## गौरव सिंघवी को आइकन पुरस्कार

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी के जाने-माने युवा वास्तुविद एवं इंटीरियर डिजाइनर गौरव सिंघवी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उदयपुर का गौरव बढ़ाया है। गौरव सिंघवी को इंटीरियर डिजाइन और वास्तु शास्त्र एकीकरण में उत्कृष्ट योगदान, समर्पण भाव और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय आइकन पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। सिंघवी को गुरुग्राम (हरियाणा) में आयोजित एक गाला इवेंट में 200 से अधिक गणमान्य जनों और मेहमानों के मध्य वनडे इंटरनेशनल में हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज मशहूर भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा ने जब यह प्रतिष्ठित पुरस्कार गौरव सिंघवी को प्रदान किया तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।

## सहायता सामग्री दी

**राजसमन्द,०(निसं)।** कुम्भलगढ तहसील अन्तर्गत बारिण्ड ग्राम में चिन्हित जरूरतमंद परिवारों को अमरीका प्रवासी कांकरोली निवासी समाजसेवी कुलदीप सनाढ्य के अर्थ सहयोग से सहायता सामग्री प्रदान की गई।

# गर्भवती महिलाओं को दी जा रही सेवाओं का किया अवलोकन

**राजसमन्द,/बांसवाड़ा, (निसं)।** जिले के सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आयोजित किया गया। जिसमें बडी संख्या में गर्भवती महिलाएं चिकित्सा संस्थानों पर पहुंची तथा अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच चिकित्सक अथवा प्रसुति रोग विशेषज्ञ द्वारा की जाती है।

अभियान में गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच के साथ ही उच्च जोखिम वाली

- **प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मनाया**

गर्भवती महिलाओं की पहचान की जाती है तथा गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में देखभाल, खतरों के लक्षणों की पहचान, परिवार कल्याण सेवाएं, पोषण, संस्थागत प्रसव, रैफरल, परिवहन साधनों के चयन, जननी सुरक्षा योजना, प्रसव उपरान्त देखभाल, स्तनपान के बारे में जानकारी दी जाती है जिससे मां और बच्चां स्वस्थ हो। अभियान को लेकर जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश मीणा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मचीन्द, फतेहपुर व सलोदा का औचक निरीक्षण किया तथा गर्भवती महिलाओं को दी जा रही सेवाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। साथ ही सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने भी अपने -अपने ब्लॉक में संचालित चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्य परियोजना निदेशक मातृ स्वास्थ्य डॉ तरूण चौधरी ने बताया कि अभियान की वस्तुस्थिति के लिए मोबाइल बेस्ड एप्लीकेशन के माध्यम से सेल्फ असेसमेंट एवं अधिकारियों के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है।

**बांसवाड़ा संवाददाता के अनुसार:** जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मनाया गया। राजकीय अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं को ओपीडी में विशेष सेवाएं दी गई। जिले में गर्भवती महिलाओं ने भी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का परिचय दिया और अपनी सभी जांचें करवाई। चिकित्सकों ने भी जांच के उपरान्त आवश्यक दवाओं का निशुल्क वितरण किया और पोषण संबंधित सलाह दी। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान हर माह की 9,18 और 27 तारीख को मनाया जाता है। 9 तारीख को अमूमन सभी गर्भवती महिलाएं सरकारी अस्पतालों में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाती है। जिससे प्रसव के दौरान और बाद में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार ने बताया कि जिले के सभी बीसीएमओ और मेडिकल ऑफिसर ने अपने अधीन आने वाले अस्पतालों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने चिकित्सा संस्थान के भवन की स्थिति, साफ-सफाई, प्रसूति नियोजन दिवस, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच, शिशु टीकाकरण, चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा संस्थान की उपलब्धि आदि को देखा।



प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश मीणा।

## मेडिकल व नर्सेज एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

**बांसवाड़ा, (निसं)।** फर्जी पत्रकार बनकर महात्मा गांधी चिकित्सालय के गायनिक वार्ड में प्रवेश कर फोटोग्राफी कर नर्सिंग स्टाफ व चिकित्सकों को डरा-धमकाकर चिकित्सालय में कानून व्यवस्था भंग करने के मामले में इंडियन मेडिकल एवं राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कठोर कार्यवाही की मांग की है। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. मुन्नवर हुसैन एवं सचिव अभिषेक मुन्दड़ा के नेतृत्व में चिकित्सको के प्रतिनिधि मण्डल ने कलक्टर को बताया कि गायनिक वार्ड में जबरन घुस कर फोटो एवं वीडियोठााफी पर स्टाफ ने समझाईश का प्रयास किया लेकिन दोनों युवक मारपीट पर उतारू हो गए और स्वयं को पत्रकार बताकर प्रसुताओ के फोटो खींच वायरल करने, झुठे केस में फंसाने और चिकित्सालय को बदनाम करने की धमकी देने लगे। प्रसूता परिक्षण कक्ष में पुरूषों का प्रवेश वर्जित है ऐसे में इन युवकों ने जबरन कक्ष में घुसकर न केवल महिलाओं की निजता का हनन किया बल्कि उनके मान-सम्मान को भी ठेस पहुंचाई है। घटना से स्टाफ में भय व्याप्त है वहीं प्रसूताओं को भी मानसिक आघात लगा है। इन लोगों ने आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने, अनाधिकृत व्यक्तियों, बिना रजिस्ट्रेशन वाले पत्रकारों, फोटोग्राफरों व यूट्ययूबर्स के चिकित्सालय परिसर में स्वतंत्र घूमने, आपत्तिजनक फोटो व वीडियोग्राफी करने से रोकने के लिये सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की है।

# परिणाम में विसंगतियों के संबंध में कुलपति को ज्ञापन दिया



विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिणाम में विसंगतियों पर नारेबाजी करते अखिल राजस्थान अनुसूचित जाति व जनजाति छात्र संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**बांसवाड़ा, (निसं)।** अखिल राजस्थान अनुसूचित जाति व जनजाति छात्र संघ ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिणाम में विसंगतियों के संबंध में कुलपति को ज्ञापन दिया। छात्र संघ जिलाध्यक्ष कांतिलाल निनामा के नेतृत्व में छात्र संघ के पदाधिकारीयों ने विश्वविद्यालय परिसर में एकत्रित होकर छात्र-छात्राओं के साथ नारेबाजी की।

इन छात्रों ने कुलपति को बताया कि बीए व बीएससी थर्ड ईयर का विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिणाम में अधिकतम विद्यार्थियों को पूरक एवं अनुतीर्ण बताया गया। कुलपति ने आश्वस्त किया कि जिन विद्यार्थियों के

- **छात्रों ने कुलपति को बताया कि बीए व बीएससी थर्ड ईयर का विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिणाम में अधिकतम विद्यार्थियों को पूरक व अनुत्तीर्ण बताया**

मार्कशीट में अनुत्तीर्ण या पूरक बता रहा है वह परीक्षा नियंत्रण कक्ष में अपनी अंकतालिका की कॉपी जमा कर दे एवं जो विद्यार्थी नहीं आ सकते हैं वे पुर्नमूल्यांकन का फॉर्म भर दे उनका परिणाम पीटीईटी काउंसलिंग के पहले जारी कर दिया जाएगा। इस दौरान छात्र संघ एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशिफ खान एवं पदाधिकारी ने कुलपति से मांग की छात्र संघ चुनाव भी होने चाहिए। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र डोडियार, निकेश चरपोटा, तहसील अध्यक्ष विकास मईडा, राहुल कटारा, छात्र संघ अध्यक्ष प्रत्याशी बादल बामनिया, छात्र प्रतिनिधि गोरव वडेरा, विनोद निनामा, चांदमल राणा, बागीदौरा तहसील अध्यक्ष, रिकलेश डामोर, मुकेश डिन्डोर, दिलीप निनामा, किरण कुमार, रेणुका, पुष्पा आदि प्रमुख रहे।

